तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 20 जनवरी 2026

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



10 शामपुर एकलव्य विद्यालय में स्मार्ट क्लास व सभाकक्ष का हुआ उद्घाटन



11 इच्छापुर बी ने रोमांचक मुकाबले में जीता खिताब




# दीपोत्सव के माध्यम से आमजन को स्वच्छता से जोड़ने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दलपत सागर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले प्रति वर्ष की भांति दीपोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में महापौर संजय पांडेय, नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, कलेक्टर हरिस एस, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा, एसडीएम ऋषिकेश तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग सहित विभिन्न समाजों, व्यापारिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन, परिवहन संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे । महापौर ने कहा कि

## शहर की सफाई में सहयोग प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारीः महापौर



### वातावरण बनाया जा रहा है

दलपत सागर दीपोत्सव आयोजन की भव्यता और जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अभी से ही वातावरण निर्मित किया जा रहा है। प्रशासन का लक्ष्य है कि 23 जनवरी को हजारों की संख्या में नागरिक उपस्थित हों और दो लाख से अधिक दीपों की रोशनी से दलपत सागर जगमगा उठे। दीपोत्सव जैसे सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से ही स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सहभागिता को वास्तविक मजबूती मिलती है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, दिसंबर माह से ही दलपत सागर के परिवेश को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है ताकि आगामी आयोजन के लिए एक बेहतर और सुव्यवस्थित वातावरण तैयार किया जा सके।

दीपोत्सव जैसे सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से आम नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ना एक प्रभावी पहल है। पांडेय ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि शहर की साफ-सफाई केवल नगर निगम की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। दलपत सागर की स्वच्छता एवं गरिमा बनाए रखने में सभी समाजजन सक्रिय सहयोग करें, ताकि यह स्थल सांस्कृतिक आस्था के साथ-साथ स्वच्छता का भी प्रतीक बन सके। कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति भी इस वर्ष के दीपोत्सव में सभी समाज और व्यापारिक संगठनों का सहयोग मिल रहा है, यह ऐतिहासिक सरोवर को सहेजने के साथ ही स्वच्छता ▶▶| शेष पेज 10 पर

## आईटीबीपी व डीआरजी की सयुंक्त टीम ने सर्चिंग अभियान के दौरान किया बरामद



# आदिंगपार-कुमेरादी के जंगल में मिला बीजीएल सेल का जखीरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/ नारायणपुर

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च एवं एरिया डॉमिनेशन के दौरान सुरक्षाबलों ने बड़ी मात्रा में बीजीएल सेल व नक्सल सामग्री बरामद किया है। माड़ इलाके में 48 घंटे में जंगलों में छुपाया गया जखीरा बरामद किया गया है जो नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए छुपाकर रखा गया था।

- भटबेड़ा-आसनर के जंगल से भी नक्सल सामग्री बरामद

नारायणपुर एसपी राबिनसन गुड़िया ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पिछले 48 घंटे में नक्सलियों द्वारा छुपाकर रखा गया भारी मात्रा में हथियार, बीजीएल सेल दवाइयां, रिमोट, इलेक्ट्रिक वायर, बैटरी एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद किया गया है। पहली कार्रवाई में नारायणपुर पुलिस व आईटीबीपी की संयुक्त कार्यवाही में ओरछा, रायनार, धनोरा क्षेत्र में सघन सर्च अभियान चलाकर नक्सली द्वारा जन विरोधी गतिविधियों में उपयोग होने वाली सामग्री जब्त किया गया। संयुक्त टीम द्वारा सघन सर्च अभियान में आईटीबीपी 29 वीं वाहिनी के कमान अधिकारी दुष्यंत राज जायसवाल, उप कमान अधिकारी विकास पाचर एवं कंपनी कमांडर गुंजन कुमार के नेतृत्व में सी समावय कैंप रायनार, डी समावय कैंप ओरछा, ई समावय कैंप धनोरा द्वारा ओएंगर, भटबेड़ा एवं आसनर की दिशा में सघन सर्च अभियान संचालित किया गया।



### 82 नग किया गया बरामद

एक अन्य कार्रवाई में आईटीबीपी एवं डीआरजी की संयुक्त टीम ने आदिंगपार व कुमेरादी क्षेत्र से भारी मात्रा में बीजीएल सेल बरामद किया है।

सर्च अभियान के दौरान भटबेड़ा एवं आसनर के जंगल से नक्सलियों द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले संदिग्ध सामान बरामद किया गया इसमें बैटरी के अलावा मोटोरोला मैनपैक सेट, मल्टीमीटर, सुतली पटाखा, सर्किट बोर्ड, रिमोट, इलेक्ट्रिक वायर, बैटरी एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री बरामद किया गया है। बरामद सामग्री का मौके पर प्रारंभिक परीक्षण एवं सुरक्षा मूल्यांकन किया गया जिसमें कोई सक्रिय आईईडी नहीं पाई है किंतु इस सामग्री का उपयोग आईडी बनाने में किया जा सकता था। जप्त सामग्री को विधिवत कब्जे में लेकर अग्रिम जांच एवं तकनीकी विश्लेषण की कार्रवाई की जा रही है। एसपी राबिनसन गुड़िया तथा सेनानी 53 वीं वाहिनी आईटीबीपी संजय कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी संजय कुमार भारद्वाज एवं उप सेनानी प्रशांत सोनी के मार्गदर्शन में निरंतर नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के दौरान भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल 53 वीं वाहिनी एवं डीआरजी की संयुक्त टीम गोपनीय सूचना पर आदिंगपार व कुमेरादी क्षेत्र के जंगलों में रवाना हुई थी। अभियान के दौरान जंगल से 82 नग बीजीएल सेल बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि सर्च अभियान के दौरान क्षेत्र में पूर्ण सतर्कता, घेराबंदी एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई। आम नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संपूर्ण अभियान को पूर्ण किया गया। वहीं टीम द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर सर्च अभियान, गश्त एवं निगरानी के माध्यम से शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने प्रभावी कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# गौवंश से ही होगा पंच परिवर्तन पर कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वेटनरी पॉलिटेक्निक के प्रभारी प्राचार्य डॉ. नितेश कुम्भकार, डॉ. राजेश सुधाकर वाकचौरे, सहायक प्राध्यापक, डॉ. प्रतिभा ताटी, डॉ. नवीन कुमार साहू, टीचिंग असिस्टेंट एवं छात्र-छात्राओं द्वारा गौ विज्ञानं परीक्षा के अवसर पर गौवंश से ही होगा पंच परिवर्तन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य द्वारा गौवंश से ही होगा पंच परिवर्तन का अर्थ समझाया कि गौवंश के संरक्षण और उपयोग से समाज में 5 बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं, जिनमें आर्थिक समृद्धि, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, पारिवारिक मूल्यों की स्थापना और स्वस्थ जीवनशैली शामिल हैं, जो भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने में मदद करेंगे। डॉ. राजेश सुधाकर वाकचौरे, सहायक प्राध्यापक एवं गौ विज्ञानं परीक्षा प्रभारी ने भारतीय गौवंश की मुख्य विशेषताएँ जिसमे मजबूत शरीर और रोग प्रतिरोधक क्षमता, तेज गर्मी के प्रति सहनशीलता, कम देखभाल में अधिक उत्पादन, दूध में स्वास्थवर्धक ए2 प्रोटीन की उपस्थिति, गोबर-गोमूत्र से जैविक खाद जो कृषि व पर्यावरण संतुलन के लिए उपयोगी, तथा गोमूत्र का विभिन्न बीमारियों के खिलाफ उपयोग के बारे में बताया। उद्बोधन के पश्चात सुरभ्यै नमः मंत्र का 108 बार जाप किया गया। इस परीक्षा में सहभागी सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र दिया जाएगा। डॉ. प्रतिभा ताटी ने इस कार्यक्रम संचालन किया तथा डॉ. नवीन कुमार साहू ने सभी उपस्थिति शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राओं का आभार प्रदर्शन किया।

- वेटनरी पॉलिटेक्निक में गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन

# लिमिट नहीं बढ़ने से टोकन काटना रोका गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



समर्थन मूल्य पर धान की सरकारी खरीदी के लिए कुछ ही दिन शेष बचे हैं। इस महीने के आखिरी तक खरीदी होना है। वहीं अभी भी कई किसान सोसाइटी में धान नहीं बेच पाए हैं। सोमवार को हरिभूमि ने नजदीक के धान खरीदी केंद्र कुरंदी का जायजा लिया। जहां सन्नाटा जैसी स्थिति रही। दफ्तर में खरीदी केंद्र प्रभारी के बारे में बताया गया कि वे लंच में गए हैं। खरीदी और तौल कांटा भी नहीं हो रहा था। ऑपरेटर भी गायब रहा। बताया गया कि लिमिट नहीं बढ़ने से टोकन नहीं कट रहा है। एक दिन का लिमिट 600 क्विंटल का है। 30 जनवरी तक धान बेचने वाले किसानों का टोकन काटा जाना है लेकिन लिमिट नहीं बढ़ने से टोकन नहीं काटा जा रहा है जिसके चलते किसान सोसाइटी में पहुंच नहीं रहे हैं। यहां 423 किसान पंजीकृत हैं जिनमें से अभी तक 283 किसानों ने धान बेचा है इस तरह सवा सौ से अधिक किसान अभी धान बेच नहीं पाए हैं जबकि 10 दिन का समय बाकी है। बताया गया कि 16 हजार 570 क्विंटल धान की खरीदी हुई है जिसमें से उठाव की रफ्तार काफी धीमी है। पूरे परिसर में धान की थप्पियां पड़ी हुई है। इसके रख रखाव और सुरक्षा के लिए किसी तरह का कोई इंतजाम नहीं है।

- कुरंदी धान खरीदी केंद्र में उठाव नहीं
- हजारों बोरा धान खुले में पड़ा



# किसानों के पसीने की कमाई का धान सड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वेयरहाउस में चावल खराब होने के साथ संग्रहण केंद्र में धान खराबी को लेकर जांच और न्याय की मांग करते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के संभागीय अध्यक्ष एवं बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद के नेतृत्व में आज कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। नवनीत ने कहा है कि जगदलपुर ब्लॉक में धान संग्रहण केंद्र नियानार, सिवनी, अन्य धान संग्रहण केंद्र में हजारों क्विंटल धान खराब होने की जिम्मेदार दोषियों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई हो। ज्ञापन में कहा है कि इससे पूर्व भी बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों में स्थित वेयरहाउस के गोदाम, नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा राइस मिलर्स के गुणवत्ता विहीन चावल की नियम विरुद्ध लाट स्वीकृति, वेयरहाउस से राशन संचालक को निर्धारित मात्रा से कम मात्रा में राशन पहुंचाने की शिकायत मिलती रही है। नवनीत ने कहा है कि वर्तमान में घटित घटना एक संवेदनशील घटना है जो बस्तर संभाग के खाद्यान्न व्यवस्था पर सवाल उठा रही है तो वहीं हजारों हितग्राहियों के खाद्य अधिकार एवं स्वास्थ्य सुरक्षा से खिलवाड़ भी है। इस दौरान बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जें के पदाधिकारी के रूप में जगदलपुर विधानसभा अध्यक्ष मेहताब सिंह ग्रामीण जिला अध्यक्ष नीलांबर भद्रे, चित्रकूट विधानसभा अध्यक्ष कमल बघेल, ग्रामीण जिला महामंत्री संतु कश्यप, शहर महामंत्री सुरेश नाग, जनता दरबार कार्यालय प्रभारी के आकाश जॉन फुटपाथ व्यापारी संगठन ग्रामीण जिला अध्यक्ष गुड्डू कश्यप, शहर उपाध्यक्ष सहित बहुतायत की संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

- जनता कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




## तिनक धिन धा कराओके सिंगिंग कॉन्टेस्ट का ग्रैंड फिनाले

# सप्त सुरम में राजकुमार बने विजेता, मिला 51 हजार इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सप्त सुरम ट्रस्ट द्वारा आयोजित "तिनक धिन धा कराओके सिंगिंग कॉन्टेस्ट" का ग्रैंड फिनाले रविवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के ऑडिशन बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स में आयोजित किए गए थे, जिसमें कुल 120 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें से 25 प्रतिभागियों का चयन ग्रैंड फिनाले के लिए किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मुख्य अतिथि के रूप में महापौर संजय पांडे, बेवरेज कॉरपोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, बस्तर जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष मनीष गुप्ता, निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा, सभापति सफाई लक्ष्मण झा, राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा, नगर अध्यक्ष पश्चिमी एवं पूर्व प्रकाश झा एवं अविनाश श्रीवास्तव उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार राजकुमार डोंगरे ने प्राप्त किया। उन्हें हरमीत सिंह होरा, संगीता कारिया (आर.के. नायडू) एवं शैलेश जारी की ओर से 51 हजार का पुरस्कार प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार शफ़ाक जाफरी को मिला, जिन्हें शैलेश जारी एवं बीजू विश्वास की ओर से 31 हजार प्रदान किए गए। तृतीय पुरस्कार संयुक्त रूप से अरशद खान एवं नाव्या रंजन को मिला, जिन्हें यश सिंह एवं दीपक खत्री की ओर से 21 हजार की राशि दी गई। निर्णायक मंडल में डॉ. एन. डी. चक्रवर्ती, डॉ. आलोक भट्टाचार्य, दीपेंद्र हलधर एवं निशांत मिश्रा शामिल रहे।



### प्रतिभाओं को सामने लाने का हो रहा कार्य

महापौर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से कलाकारों का मनोबल बढ़ता है। सप्त सुरम ट्रस्ट बस्तर की प्रतिभाओं को आगे लाने का सराहनीय कार्य कर रही है। कार्यक्रम का संचालन अफजल अली व तनुश्री सोनी ने किया जबकि आभार संग्राम सिंह राणा ने किया।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

सप्त सुरम ट्रस्ट की ओर से कैप्टन तरुण कुमार, तनुश्री सोनी, डॉ. आलोक भट्टाचार्य, शिव नारायण सोनी एवं मीना सोनी ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सप्त सुरम ट्रस्ट के साथ स्थानीय कलाकार व सहयोगियों में अफ़ज़ल अली, यश सिंह ठाकुर, शैलेश जारी, संग्राम सिंह राणा, महेंद्र महापात्र, आर.के. नायडू, महेश ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर, रेशमा अली, वंदना पॉल, एम.बी. मंजूषा, रजनीश देवांगन, एम.वी. बिंटू, धीरज कश्यप, सुलता महाराणा, सविता देवांगन, नेहा ग्रोवर, संजय तिवारी, गौरी दत्ता, डॉ. कुमार बिरेंद्र, माही श्रीवास्तव, एल.पी. सोनी, आशा सोनी, जयंत नायडू, वासु राव एवं सचिन गुप्ता ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

# माड़पाल लेम्प्स में 17 हजार की खरीदी में मात्र 2 हजार क्विंटल धान का उठाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

धान खरीदी के अंतिम दौर में मिलर्स के द्वारा खरीदी केंद्रों से धान उठाव की स्थिति ठीक नहीं है। मिलर्स को आरओ जारी करने के बाद भी समय पर धान नहीं उठाया जा रहा है। हरिभूमि ने सोमवार को माड़पाल सोसाइटी का जायजा लिया। यहां खरीदी पूरी तरह से ठप रही। एक भी किसान धान बेचने नहीं पहुंचा था। बताया गया कि आज तक की स्थिति में धान की खरीदी 17783 क्विंटल की हुई है जिनमें से 2280 क्विंटल धान का उठाव हुआ है। संग्रहण केंद्र में 15503 क्विंटल धान खुल में पड़ा हुआ है। सोसाइटी के कर्मचारी ने बताया कि 354 किसानों का धान खरीदी हुई है जो 4 करोड़ 21 लाख का है जिनमें से किसानों को 2 करोड़ 51 लाख का भुगतान किया गया है। वहीं नगद और खाद बीज के रूप में दिए गए ऋण की वसूली इन किसानों से की गई है। किसानों ने 1 करोड़ 70 लाख की राशि धान बेचकर कर्ज का पटाया है।

## खबर संक्षेप

### यूपीएससी तैयारी, दस्तावेज सत्यापन 27 और 28 को

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी युवा उत्थान योजना (वर्ष 2025-26) के अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु नई दिल्ली भेजे जाने वाले अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया अब अपने अगले चरण में पहुंच गई है। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग ने 28 दिसंबर को आयोजित प्राक्चयन परीक्षा के परिणामों के आधार पर मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए नवा रायपुर आमंत्रित किया है। विभागीय सूचना के अनुसार सत्यापन की यह पूरी प्रक्रिया नवा रायपुर अटल नगर स्थित इन्द्रावती भवन के तृतीय तल पर मीटिंग हॉल क्रमांक-4 में संपन्न होगी। विभाग ने वर्गवार तिथियां निर्धारित की हैं, जिसके तहत अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच 27 जनवरी को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक की जाएगी, जबकि अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए यह प्रक्रिया अगले दिन यानी 28 जनवरी को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित की गई है।

### स्वास्थ्य विभाग में 525 पदों पर की जाएगी भर्ती

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और युवाओं को रोजगार प्रदान करने की दिशा में संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के अंतर्गत कुल 525 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया को अब अंतिम रूप दिया जा रहा है। बस्तर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने इस संबंध में विस्तृत सूचना जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि व्यापमं द्वारा आयोजित स्टाफ नर्स, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (पुरुष व महिला), वार्ड बॉय और वार्ड आया जैसे पदों की परीक्षाओं के नतीजे आने के बाद अब कोरोना काल में सेवाएं देने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।

### मन की बात क्वीज में टॉप परफॉर्मर राजेन्द्र

**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात पर आधारित क्वीज प्रतियोगिता में भाजपा नेता राजेन्द्र बाजपेयी ने टॉप परफॉर्मर बने। पुरस्कार स्वरूप उन्हें प्रशस्ति पत्र और प्रेरणादायक पुस्तक प्रदान की गई है। यह पुस्तक मन की बात के 100 एपिसोड पूरे होने के अवसर पर प्रकाशित की गई थी, जिसमें समाज में सकारात्मक बदलाव और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को केंद्र में रखा गया है।



### पेनाल्टी शूट आउट में ब्लैक डॉग ने जीता मैच



**जगदलपुर।** भगवा कप फुटबॉल प्रतियोगिता में सोमवार को तीसरा मैच ब्लैक डॉग और धुरगुड़ा के बीच खेला गया। दोनों टीम 1-1 गोल दाग कर बराबरी पर रही। मैच का फैसला पेनाल्टी शूट आउट से हुआ जिसमें ब्लैक डॉग ने 3 और धुरगुड़ा ने एक गोल किये। इस तरह मैच परिणाम ब्लैक डॉग के पक्ष में चला गया। एक अन्य मैच में आड़ावाल ने कालीपुर को 4-0 से हराया। आड़ावाल की ओर से जयराम ने तीन गोल किये और रामनाग ने एक गोल किये।

मैच के रैफरी विश्वजीत भट्टाचार्य, सोहन बेश्रा, प्रलाद पट्टावी और सूरज खरे रहे।

## खबर संक्षेप



### 22 व्यापारियों से 15.50 किलो पॉलीथीन जब्त

**फरसगांव/कोण्डागांव।** नगर पंचायत फरसगांव क्षेत्र में सिंगल यूज पॉलीथीन के उपयोग पर रोक को सख्ती से लागू करते हुए बुधवार को सीएमओ मयंक कुमार बसन्तवानी के नेतृत्व 19 जनवरी सोमवार को साप्ताहिक बाजार में किराना दुकानों, पॉलीथीन विक्रेताओं, बड़े व्यापारियों एवं फल विक्रेताओं के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान प्रतिबंधित सिंगल यूज पॉलीथीन का उपयोग एवं भंडारण करते पाए जाने पर 22 व्यापारियों से कुल 15.50 किलोग्राम पॉलीथीन जब्त की गई। नगर पंचायत की टीम ने नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यापारियों पर कुल 6,200 रुपये का अर्थदंड भी वसूल किया। इससे एक सप्ताह पहले भी फरसगांव के सप्ताहिक बाजार में 26 दुकानदारो पर कार्यवाही कर कुल 2550 रुपये वसूला गया था ।

### 23 जनवरी को लगेगा एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प

**कोण्डागांव।** कोण्डागांव एवं अन्य जिलों के शिक्षित बेरोजगार युवक–युवतियों को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराने हेतु कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कोण्डागांव द्वारा 23 जनवरी को एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह प्लेसमेंट कैम्प कलेक्टर परिसर, जिला पंचायत के सामने स्थित आशा सिलाई सेंटर के बाजू, कोण्डागांव में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा कुल 71 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा. लि., कोण्डागांव फील्ड ऑफिसर 50 पद, कलेक्शन ऑफिसर 10 पद, क्वांटम व्हीकल्स प्रा. लि., कोण्डागांव मैनेजर 1 पद, सेल्स एक्जीक्यूटिव 6 पद, धनेश्वरी मोटर्स प्रा. लि., कोण्डागांव ऑपरेटर 2 पद, सेल्स एक्जीक्यूटिव 2 पद। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण निर्धारित की गई है।

# 'हम होंगे कामयाब': कार्यशाला में विद्यार्थियों को मिले परीक्षा के तनाव से निपटने के उपाय

## डीएवी स्कूल में हुई मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कोंडागांव जिले के ब्लॉक फरसगांव के ग्राम बड़ेडोगर स्थित डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में सीजी एग्रिकोन युवोदय के तत्वाधान में हम होंगे कामयाब थीम पर मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला का आयोजन 19 जनवरी सोमवार को किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को परीक्षा के तनाव और डर से मुक्त कर मानसिक रूप से सशक्त बनाना था। कार्यशाला में कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं को परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव को पहचानने, उससे निपटने के आसान उपाय, सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास बनाए रखने की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि नियमित पढ़ाई, संतुलित दिनचर्या और मन को शांत रखने से परीक्षा का दबाव कम किया जा सकता है।



### आपसी संवाद बनाए रखने पर दिया विशेष जोर

कार्यक्रम के दौरान हम होंगे कामयाब संदेश के माध्यम से छात्रों को यह समझाया गया कि परीक्षा जीवन का एक हिस्सा है, जीवन की सफलता का एकमात्र पैमाना नहीं। मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने, जरूरत पड़ने पर सहायता लेने और आपसी संवाद बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यशाला में विभिन्न गतिविधियों और प्रेरणादायक संवादों के माध्यम से छात्रों को खुलकर अपनी बात रखने का अवसर मिला, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा। आयोजन ने यह सुनिश्चित किया कि परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ छात्र अपने मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें. विद्यालय प्रबंधन एवं छात्रों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं।

## कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने किया विधिवत शुभारंभ

# शामपुर एकलव्य विद्यालय में स्मार्ट क्लास व सभाकक्ष का हुआ उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शामपुर में शुक्रवार को कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने स्मार्ट क्लास एवं नवनिर्मित सभाकक्ष का विधिवत उद्घाटन किया।

- पाठ्य सामग्री, प्रतियोगी तैयारी और बोर्ड परीक्षा पर चर्चा
- विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

उद्घाटन उपरांत कलेक्टर की अध्यक्षता में स्कूल मैनेजमेंट कमेटी एसएमसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय के प्राचार्य द्वारा शैक्षणिक गतिविधियों से संबंधित संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

प्रतिवेदन में विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही पाठ्य सामग्री, प्रतिमाह दी जाने वाली आवश्यक वस्तुएं, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, सिलेबस की प्रगति तथा बोर्ड कक्षाओं के



लिए की जा रही विशेष तैयारियों की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने बैठक में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा का दबाव बच्चों के मानसिक संतुलन को प्रभावित कर सकता है, इसलिए नियमित काउंसलिंग की व्यवस्था आवश्यक है।

### एचबी टेस्ट नियमित कराने के निर्देश

कलेक्टर ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की समुचित निगरानी के लिए एचबी हीमोग्लोबिन टेस्ट नियमित रूप से कराने के निर्देश भी दिए। स्मार्ट क्लास जैसी आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं की सराहना करते हुए कलेक्टर ने कहा कि इससे विद्यार्थियों की समझ, रुचि और सीखने की क्षमता में वृद्धि होगी और वे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकेंगे।

### कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष शैक्षणिक सहायता

विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए नियमित शैक्षणिक मार्गदर्शन के साथ–साथ मेंटल हेल्थ काउंसलिंग की व्यवस्था की गई है। कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर उनके



लिए अतिरिक्त कक्षाएं और व्यक्तिगत मार्गदर्शन भी प्रदान किया जा रहा है।

### अधिकारी, शिक्षक एवं पालक रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, आदिम जाति विकास विभाग के अधिकारी, विद्यालय के शिक्षकगण एवं पालकगण उपस्थित रहे।

# विधानसभा को मिली करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कोण्डागांव विधानसभा की लोकप्रिय विधायक एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी के सतत प्रयासों से क्षेत्र में विकास कार्यों की श्रृंखला लगातार आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में जल संसाधन विभाग की बड़ी उपलब्धि।

- किसानों को सिंचाई के क्षेत्र में 430 हेक्टेयर की मिलेगी मदद

मिली है जिस में 1326.44 लाख रुपये के 4 कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिससे कुल 430 हैक्टेयर सिंचाई क्षेत्रफल लाभांवित होगा लता उसेंडी ने कोंडागांव विधानसभा के किसान नागरिक जन कि ओर से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी का आभार व्यक्त करते हुवे धन्यवाद ज्ञापित किया। कुसमा जलाशय का जीर्णोद्धार कार्य 323.57 लाख रुपये, सुकुरपाल मारीपारा के अमेली स्टॉप डेम निर्माण कार्य 292.70 लाख रुपये, घोड़ागांव एनिकट क्रमांक 02 का मरमत एवं गेट लगाने का कार्य 416.12 लाख रुपये, कोपबेड़ा जलाशय का जीर्णोद्धार कार्य 294.05 लाख रुपये इन कार्यों से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और कृषि विकास में मदद मिलेगी। पूर्व में भी उनके प्रयासों से सड़कों, पुल–पुलिया, भवन एवं सांस्कृतिक भवनों सहित अनेक विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है।

### विधायक उसेंडी के प्रयासों से मिली स्वीकृति

इसी क्रम में एक बार फिर कोण्डागांव विधानसभा को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। वर्तमान में विधायक लता उसेंडी के प्रयासों से विकास कार्यों में प्रमुख इन विकास कार्यों की स्वीकृति से क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में आवागमन सुविधा सुदृढ़ होगी तथा आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी। विकास कार्यों की मंजूरी के बाद समस्त ग्रामवासियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है।क्षेत्रवासियों ने विधायक लता उसेंडी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में कोण्डागांव विधानसभा निरंतर विकास की ओर अग्रसर है।

# पशुधन विकास विभाग ने आयोजित की क्षमता निर्माण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पशुधन विकास विभाग जिला कोंडागांव द्वारा 17 जनवरी को फॉरेस्ट डिपो स्थित ऑडिटोरियम हॉल में कैपेसिटी बिल्डिंग विषय पर एक दिवसीय

- फॉरेस्ट डिपो के ऑडिटोरियम हॉल में हुआ कार्यक्रम

कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन उप संचालक डॉ. एम.बी. सिंह के निर्देशन एवं वरिष्ठ अतिरिक्त उप संचालक डॉ. चंद्राकर के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में जिले के शत–प्रतिशत सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि वैज्ञानिक डॉ. हितेष मिश्रा, उप संचालक एवं वरिष्ठ अतिरिक्त उप संचालक सहित समस्त सहायक पशु



चिकित्सा अधिकारियों द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य देवी के पूजन के साथ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने अपने विचार रखे। कृषि वैज्ञानिक डॉ. हितेष मिश्रा द्वारा कार्यशाला का उद्घोषण करते हुए उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचको क्षमता निर्माण से संबंधित विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही गोधन विषय पर राज्य शासन द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में उप प्रांतीय अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव एवं जिला अध्यक्ष राधेश्याम द्वारा आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी को धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला पशु चिकित्सा अधिकारी दुर्गा प्रसाद, संतोष मरकाम, आलोक नेताम, भोला ठाकुर, एस.एस. नेताम, एम.एस. ध्रुव, गिरजा शंकर, मालती नेताम, गौ कुमारी, श्रीमती सुभद्रा मरकाम, अश्विन, इंद्रजीत पाण्डेय, मनीषा साहू, कु. रेवती मरकाम, दीपक पाण्डेय, दीपेश विश्वश, बिरजू कचलाम, सदानंद शहाना, वारिश नंद, लिपिक वर्ग से के.के. उयके, मनीष नेताम, राणा तथा चतुर्थ वर्ग के जिला अध्यक्ष मुकेश देवांगन सहित जिले के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बालगृह कर्मचारियों ने सेवा जारी रखने लगाई गुहार, कलेक्टर को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत एनजीओ द्वारा संचालित बालगृहों में कार्यरत कर्मचारियों ने अपनी सेवाएं जारी रखने की मांग को लेकर सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

- सेवाएं यथावत रखने और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग

कर्मचारियों ने आशंका जताई कि उनकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं, जिससे न केवल उनके परिवारों पर संकट आएगा, बल्कि बालगृहों में रह रहे बच्चों की देखभाल व्यवस्था भी प्रभावित होगी। कर्मचारियों ने बताया कि वे विगत कई वर्षों से अनाथ, निराश्रित और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों की सेवा पूरी निष्ठा से कर रहे हैं। उन्होंने



विशेष रूप से कोरोना महामारी काल का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय उन्होंने अपने परिवारों को छोड़कर बालगृह परिसर में रहकर बच्चों की देखभाल, भोजन, इलाज, पढ़ाई और मानसिक सहयोग की जिम्मेदारी निभाई थी। कर्मचारियों का कहना है कि यदि उनकी सेवाएं समाप्त की जाती हैं तो बच्चों की सुरक्षा और देखरेख प्रभावित होगी क्योंकि वर्तमान कर्मचारी प्रशिक्षित और अनुभवी हैं, नए कर्मचारियों को व्यवस्था संभालने में समय लगेगा, जिससे बच्चों को नुकसान हो सकता है। ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने मांग की कि एनजीओ संचालित बालगृहों में कार्यरत सभी कर्मचारियों को यथावत सेवा में रखा जाए, उनके अनुभव और समर्पण को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया जाए, ताकि बच्चों की देखभाल की व्यवस्था में कोई बाधा न आए।

### बड़ी संख्या में कर्मचारी रहे उपस्थित

इस दौरान बड़ी संख्या में बालगृह कर्मचारी उपस्थित रहे और सभी ने प्रशासन से मानवीय दृष्टिकोण अपनाने तथा रोजगार और बच्चों के हित दोनों की रक्षा करने की अपील की। बालगृह कर्मचारियों का कहना है कि यह केवल रोजगार का नहीं, बल्कि संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के सुरक्षित भविष्य का भी सवाल है, जिस पर प्रशासन से सकारात्मक और संवेदनशील निर्णय की अपेक्षा की जा रही है।

# भाजपा महिला मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

पुराने बसस्टैंड परिसर में आज भाजपा महिला मोर्चा की दो नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया।नगर पालिका परिषद अध्यक्ष इंद्र प्रसाद बघेल के नेतृत्व में भाजपा पार्षदों ने पुष्पहार पहनाकर दोनों जनप्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। आश्रम वार्ड की पार्षद रमशीला नाग के भाजपा महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ की प्रदेश उपाध्यक्ष तथा तहसीलपारा वार्ड की पार्षद संगीता जैन के भाजपा महिला मोर्चा नारायणपुर की जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर आयोजित इस कार्यक्रम में संगठनात्मक एकता और महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश देखने को मिला। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष इंद्र प्रसाद बघेल एवं उपाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि यह दोनों नियुक्तियां सक्रियता और जनसेवा की भावना का प्रतिफल हैं। उन्होंने



विश्वास जताया कि रमशीला नाग एवं संगीता जैन अपने दायित्वों का निष्ठा एवं कर्मठता से निर्वहन करते हुए महिला मोर्चा को नई ऊर्जा प्रदान करेंगी और समाजहित के कार्यों को और अधिक गति देंगी। कार्यक्रम में पार्षदगण संजय नंदी, कमलापति मिश्रा, प्रवीण जैन, हेमंत पात्र, कौशल बघेल, संतोष गोटा,गोविंद भोयर, रीता मंडल, नेहा कश्यप एवं कृति पोटाई ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों के उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना की।

# ट्रांसफॉर्मर में लगी आग नहीं हुई कोई जनहानि

**फरसगांव।** सोमवार की सुबह करीब 10 बजे फरसगांव नगर के बाजार स्थल पर स्थित ट्रांसफॉर्मर में अचानक आग लग गई। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने तुरंत विद्युत विभाग को दिया। जिसके बाद विभाग द्वारा मौके पर पहुँचकर आग को



बुझाया गया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। फिलहाल इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। गनीमत रही कि यह घटना भरे बाजार के समय नहीं हुई, अन्यथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग सब्जी की दुकानें लगाते हैं,जिन्हें बड़ा नुकसान हो सकता था। क्योंकि ट्रांसफार्मर के नीचे ग्रामीण अपनी दुकान लगाते हैं और बाजार के दिन ट्रांसफार्मर के पास भीड़ भाड़ की स्थिति भी रहती है। गनीमत रही की घटना के समय बाजार नहीं लगा था और ना ही भीड भाड़ नही था, वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था। विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा सुधार कार्य करने के बाद फिर से ट्रांसफार्मर को चालू किया गया। सुधार कार्य दोरान उस क्षेत्र में विद्युत की आपूर्ति उसे क्षेत्र पर बंद रही।

## कच्चे मकान की परेशानी से मिली मुक्ति, पक्का घर बना जीवन का सहारा

# पीएम आवास योजना से शिवानी के परिवार को मिला नया आशियाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

फॉरेस्ट कॉलोनी, कोण्डागांव की निवासी शिवानी तिवारी और उनके पति आशीष तिवारी लंबे समय तक कच्चे मकान में रहने को विवश थे। सीमित आय और असुरक्षित आवास के कारण परिवार को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बरसात में छत से पानी टपकता, फर्श में सीलन रहती और बच्चों की पढ़ाई व स्वास्थ्य प्रभावित होता था।

- शासकीय योजनाओं के समन्वय से बदला परिवार का भविष्य

नगर पालिका परिषद, कोण्डागांव की योजना टीम द्वारा किए गए सर्वे और मार्गदर्शन से परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की जानकारी मिली। पात्रता के अनुरूप आवश्यक दस्तावेज जमा कर आवेदन किया गया, जिसके बाद उन्हें योजना की स्वीकृति मिली। आवास स्वीकृति मिलने पर परिवार ने साहसिक निर्णय लेते हुए कच्चे मकान को तोड़कर पक्का घर बनाने का कार्य शुरू सी वर्ष उनकी बेटी की बारहवीं




की बोर्ड परीक्षा थी, इसलिए बच्चों के लिए सुरक्षित और अनुकूल वातावरण देना परिवार की प्राथमिकता रही। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण की प्रगति के अनुसार राशि किश्तों में सीधे बैंक खाते में प्राप्त हुई। प्रत्येक चरण में जियो–टैग्ड फोटो अपलोड कर सत्यापन किया गया, जिससे निर्माण कार्य समय पर और पारदर्शी तरीके से पूर्ण हो सका। पक्का मकान बनने के बाद परिवार को उज्ज्वला योजना से गैस कनेक्शन, जल जीवन मिशन से नल–जल सुविधा, स्वच्छ भारत मिशन से शौचालय एवं डस्टबिन, आयुष्मान भारत योजना से स्वास्थ्य सुरक्षा तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली से राशन की सुविधा मिली। साथ ही महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह एक हजार रुपये की सहायता राशि भी प्राप्त हो रही है।

### पक्का घर बना सम्मान और आत्मविश्वास का प्रतीक

शिवानी बताती हैं कि नया घर उनके लिए केवल छत नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास का प्रतीक है। बच्चों की पढ़ाई नियमित हो गई है, स्वास्थ्य में सुधार आया है और मानसिक तनाव भी कम हुआ है। आज शिवानी तिवारी और उनका परिवार अपने स्वच्छ, सुरक्षित और पक्के घर में खुशहाल जीवन जी रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनके जीवन में स्थायित्व और सम्मान जोड़ा है। इसके लिए श्रीमती शिवानी तिवारी ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है।

# कलेक्टर ने ली पीएमश्री व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के अंतर्गत संचालित 12 पीएमश्री विद्यालयों एवं 6 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई भी उपस्थित रहे।

- 12 पीएमश्री व 6 केजीबीवी विद्यालयों की हुई विस्तृत समीक्षा

बैठक के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय प्राचार्यों एवं अधीक्षिकाओं को निर्देश दिए कि अटल टिंकरिंग लैब, कम्प्यूटर लैब की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा स्मार्ट कक्षाओं का नियमित संचालन हो। बैठक में स्कूल इनोवेशन काउंसिल, जादुई पिटारा, आईसीटी प्रोजेक्ट, एएसएसएम स्पर्श के अंतर्गत व्यय, बैगलेस डे का प्रभावी क्रियान्वयन, ग्रीन स्कूल फीचर्स, शैक्षणिक भ्रमण, सहायक शिक्षण सामग्री के उपयोग, करियर मार्गदर्शन, काउंसलिंग एवं बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी विद्यालयों को मानकों के अनुरूप दो दिवस के भीतर कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालयों में ज्ञानवर्धक पुस्तिकाओं की अनिवार्य उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि सुदूर अंचलों के छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु विशेष प्रयास किए जाएं तथा नवीन शिक्षण माध्यमों के जरिए विद्यार्थियों को भविष्य की प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार किया जाए।

**ये रहे उपस्थित:** बैठक में जिला मिशन समन्वयक ईमल सिंह बघेल, सहायक कार्यक्रम समन्वयक दुकेश शांडिल्य, प्रोग्रामर प्रशांत करन, लेखापाल मेघनाथ पोयाम सहित पीएमश्री एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों के संस्था प्रमुख उपस्थित रहे।



### परीक्षा परिणाम सुधार हेतु अतिरिक्त कक्षाओं के निर्देश

वर्ष 2024–25 के वार्षिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अतिरिक्त कक्षाओं के आयोजन के निर्देश दिए। साथ ही पीएमश्री सेजेस महात्मा गांधी वार्ड, कोंडागांव के प्राचार्य को विद्यालय की व्यवस्थाएं और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। वर्ष 2025–26 के लिए शैक्षणिक भ्रमण एवं अन्य मदों की कार्ययोजना तैयार करने के लिए जिला मिशन समन्वयक को निर्देशित किया गया।

## पेज 9 के शेष

### दीपोत्सव के माध्यम ....

के प्रति सभी की सजग सहभागिता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि दीपोत्सव कार्यक्रम में अधिक से अधिक पहुँचे और इसे भव्य उत्सव के रूप में मनाएं।

सहयोग का दिया आश्वासन : बैठक में उपस्थित विभिन्न समाज प्रमुखों एवं जनप्रतिनिधियों ने दीपोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्वेच्छा से आर्थिक, मानव संसाधन एवं अन्य आवश्यकताओं की सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में दीपोत्सव के आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्था, सहभागिता तथा स्वच्छता संबंधी दिशा-निर्देशों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सभी ने एकजुट होकर दलपत सागर को स्वच्छ, सुंदर और प्रेरणादायक बनाए रखने का संकल्प लिया। इस वर्ष के आयोजन को ऐतिहासिक और प्रेरणादायक बनाने के लिए एक विशेष थीम निर्धारित की गई है, जो एक दीया स्वच्छता के नाम और एक दीया वंदे मातरम की 150 वीं जयंती के नाम पर होगी। इसके साथ ही रंगोली-चित्रकला प्रतियोगिता एवं रील प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### गौ विज्ञान परीक्षा व गौ सेवा संकल्प दिवस मना



**बस्तर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल करमरी में आज गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन श्रद्धा एवं सांस्कृतिक चेतना के साथ किया गया। यह दिन विद्यालय में गौ सेवा संकल्प दिवस के रूप में भी मनाया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय परंपरा, गौ-संस्कृति और पर्यावरणीय चेतना के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गोवंश से ही होगा पंच परिवर्तन विषय पर एक प्रेरणादायी व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसमें गौवंश के सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, पर्यावरणीय एवं नैतिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने बताया कि पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है और इसमें गौवंश की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सुरभय नमः मंत्र का सामूहिक उच्चारण किया गया तथा वैदिक परंपरा के अनुसार हवन का आयोजन भी किया गया।

# अब झोपड़ी में नहीं, पक्के स्कूल में गूंजेगी ककहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

दशकों तक अभाव, असुरक्षा और हिंसा के साए में जीवन बिताने वाले उसूर विकासखंड के अत्यंत सुदूर अंदरूनी क्षेत्र जीड़पल्ली के

- **जिला प्रशासन ने बदली बच्चों की शिक्षा की दिशा**

नौनिहालों के चेहरों पर अब नई मुस्कान खिल उठी है। झोपड़ी में संचालित होने वाले स्कूल की जगह अब एक पक्का, सुरक्षित और सुसज्जित विद्यालय भवन खड़ा है, जो नियद



नेल्लनार अभियान के तहत विकास और विश्वास की सशक्त पहचान बनकर उभरा है। करीब 20 वर्षों से शिक्षा के अभाव का दंश झेल रहे इस क्षेत्र में प्राथमिक शिक्षा का पुनः संचालन और नवीन स्कूल भवन का निर्माण बच्चों के भविष्य निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल मानी जा रही है। अब बच्चों को पढ़ाई के लिए अस्थायी झोपड़ी नहीं, बल्कि सम्मानजनक और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण प्राप्त हुआ है, जहां उनके सपनों को नई उड़ान मिलेगी। पूजा-अर्चना के साथ हुआ नवीन विद्यालय भवन का शुभारंभ- बीते दिनों ग्राम सरपंच, उपसरपंच, पंच, पेरमा पुजारी, शिक्षकगण एवं ग्रामीणजनों की गरिमामयी उपस्थिति में पक्के स्कूल भवन का विधिवत पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया गया। प्राथमिक शाला जीड़पल्ली, संकुल केंद्र धरमारम के नवीन शाला भवन के उद्घाटन अवसर पर संकुल प्राचार्य पामेड, संकुल समन्वयक धरमारम, शिक्षक, विद्यार्थी, ग्राम के पुजारी, पेरमा, गायता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने जिला प्रशासन की इस पहल को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बताते हुए इसकी सराहना की। अंदरूनी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का निरंतर विस्तार- जिला प्रशासन द्वारा नियद नेल्लनार अभियान के अंतर्गत अंदरूनी एवं संवेदनशील क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जीड़पल्ली का यह विद्यालय भवन उसी प्रयास का जीवंत उदाहरण है, जहां कभी शिक्षा पहुंचना एक चुनौती था, वहां आज विकास की रोशनी पहुंच चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल भवन के निर्माण से न केवल बच्चों की नियमित उपस्थिति में वृद्धि होगी, बल्कि पूरे क्षेत्र में शिक्षा के प्रति सकारात्मक और प्रेरणादायक वातावरण भी तैयार होगा। यह पहल इस बात का प्रमाण है कि सरकार और जिला प्रशासन की दृढ़ इच्छाशक्ति से सबसे दूरस्थ क्षेत्रों में भी बदलाव संभव है, और शिक्षा ही उस बदलाव की सबसे सशक्त और स्थायी नींव है।

## भादूगुड़ा में टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा का समापन

# इच्छापुर बी ने रोमांचक मुकाबले में जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा /भोण्ड

ग्राम पंचायत भादूगुड़ा में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बड़े ही उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की कुल 16 टीमों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

- **16 टीमों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा का किया शानदार प्रदर्शन**



फाइनल टूर्नामेंट के समापन अवसर पर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पहुंचते ही विधायक ने फाइनल मैच में आमने-सामने उतरी दोनों टीमों के खिलाड़ियों से वन टू वन परिचय वार्ता कर उनका उत्साह बढ़ाया और बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं। फाइनल मुकाबला कुमड़ाकोट एवं इच्छापुर-बी टीमों के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इच्छापुर-बी टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 95 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के बल्लेबाजों ने संयम और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन दिखाते हुए विपक्षी गेंदबाजों पर दबाव बनाया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तरी कुमड़ाकोट टीम ने शुरुआत में धीमी गति से रन बनाए, लेकिन जैसे-जैसे ओवर कम होते गए, मुकाबला रोमांचक होता चला गया। एक ओर कुमड़ाकोट टीम रन बनाने की होड़ में लगी थी, वहीं दूसरी ओर इच्छापुर-बी की टीम विकेट गिराने के लिए लगातार प्रयासरत रही।

मैच का रोमांच अंतिम ओवर तक बना रहा निर्णायक क्षणों में इच्छापुर-बी टीम के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए। आखिरी ओवर में 2 महत्वपूर्ण विकेट झटक लिए और मुकाबला 4 रनों से जीतकर फाइनल पर कब्जा जमा लिया।

मैच के पश्चात बस्तर विधायक ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजन ग्रामीण युवाओं में प्रतिभा निखारने, आपसी भाईचारे और अनुशासन की भावना को मजबूत करते हैं आयोजकों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के खेल आयोजनों को प्रोत्साहित करने की बात कही।

इस दौरान मौजूद रहे मानसिंह कवासी, रूपसाय कोर्राम, टिंगाली कश्यप, धरम गोयल, राजेश कुमार, तुलसी राम ठाकुर, पंचराम कश्यप, जानकी, फूलसिंह, रतिराम, कुलेश्वर, बुदरू, चतुर, मुन्ना, नेहरू सम्पत, लछु, मोहन, सामो, भागरती, जगोराम, भागरती, गंगाराम एवं समस्त ग्रामवासी कार्यकर्त्तागण माता बहनें समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### वैद्य बद्रीनाथ को किया गया सम्मानित



**भानपुरी।** सिरहा गुनिया बैगा पारम्परिक वनौषधि वैद्य गायता पेरमा पुजारी संगठन छत्तीसगढ़ ईकाई लोहण्डीगुड़ा के वैद्य बद्रीनाथ कश्यप को बस्तर की पारम्परिक वनौषधि प्रदर्शनी में संगठन के संभागीय सचिव गणेश मण्डावी, प्रशासनिक प्रभाग के अध्यक्ष गोपाल मल, अध्यक्ष प्रेम सागर पंत, पादप बोर्ड वैद्य सकरू कोर्राम के मार्गदर्शन में लगाई गई प्रदर्शनी को जनपद पंचायत लोहण्डीगुड़ा द्वारा आयोजित ब्लाक स्तरीय बस्तर पण्डुम में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। जनपद पंचायत लोहण्डीगुड़ा के द्वारा वैद्य बद्रीनाथ कश्यप को 10000 दस हजार रूपए प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जगदीश मौर्य, बोगा मांझी, जनप्रतिनिधि कर्मचारी अधिकार उपस्थित रहे। राज्य सरकार द्वारा आयोजित यह उत्सव आदिवासी कला, संस्कृति,परम्परा और दण्डक वन में मिलने वाली दुर्लभ प्रजाति के विलुप्त होती वनौषधियों का अद्भुत संगम है। इस प्रकार के आयोजन से लोगों में सिर्फ उत्साह ही नहीं बल्कि बस्तर के युवाओं को यहां की आदिम संस्कृति और चिकित्सा पद्धति को जानने समझने और सिखने का मौका मिलेगा। सरकार यदि समृद्धशाली आदिम संस्कृति और परम्पराओं को विश्व विद्यालय के पाठ्यक्रम में शामिल करती है तो यहां के बच्चों को वन और वनौषधि को संरक्षित करने में मदद मिलेगी। उक्त जानकारी मिडिया प्रभारी गोपाल मल्ल ने दी।

## केवायसी के नाम पर राशन रोके जाने व कटौती के विरोध में सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल

जिले में केवायसी के नाम पर गरीब एवं पात्र राशन कार्डधारियों का राशन रोके जाने एवं कटौती किए जाने के मामले को लेकर युवा कांग्रेस ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। इसी क्रम में युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ज्ञापन सौंपा।

डेविड बताया कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए, लेकिन केवायसी की प्रक्रिया को आधार बनाकर कई जरूरतमंद परिवारों का राशन रोका जा रहा है, जिससे गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई कार्डधारियों का कहना है कि उन्होंने समय पर केवायसी करवा लिया है, इसके बावजूद राशन में कटौती या पूरी तरह से रोक लगा दी गई है।

युवा कांग्रेस ने मांग की कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के राशन बंद करना जनविरोधी कदम है।ऐसे सभी पात्र राशन कार्डधारियों को तत्काल पूरा राशन उपलब्ध कराया जाए तथा केवायसी से जुड़ी तकनीकी खामियों को शीघ्र दूर किया जाए। युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो संगठन जनहित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

अभिषेक डेविड अध्यक्ष बस्तर जिला युवा कांग्रेस (ग्रामीण), सहदेव नाग पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, संतोष कश्यप, धरमू राम कश्यप, नकुल मौर्य, धनी दास, गौरव दास, मोहनीश नाग, सोमारू नाग, बालमन यादव, नरेंद्र कश्यप, उदय नाग, लेवो नाग, बबलू ठाकुर, शशि, नहुंच सेठीया व अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## निधन

### राकेश तिवारी

**जगदलपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के सदस्य राकेश तिवारी (नारियल वाले) गोल बाजार पुत्र स्व. रामअवतार तिवारी निवासी बालाजी वार्ड का आज प्रातः निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वे संजय तिवारी एवं राजेश तिवारी के बड़े भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा आज दोपहर निवास स्थान से मुक्तिधाम के लिए निकली।

### मोहनलाल अग्रवाल



**जगदलपुर।** महादेवघाट निवासी मोहनलाल अग्रवाल का आज आकस्मिक निधन हो गया है। अंतिम यात्रा 20 जनवरी सुबह 9 बजे महादेवघाट सर्किट हाउस के पीछे स्थित निवास से निकलेगी।

### नवीन कुमार आचार्य



**जगदलपुर।** अशोका लाईफ स्टाईल धरमपुरा निवासी नवीन कुमार आचार्य उम्र 78 का निधन 19 जनवरी को अपराह्न 4.30 बजे हृदय गति रुक जाने से निजी हास्पीटल में हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 20 जनवरी को प्रातः 10 बजे उनके निवास स्थान से निकलेगी।

## डीएवी पॉलिटेक्निक में गौ विज्ञान पर हुई परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा में गौ विज्ञान परीक्षा के अवसर पर प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में कुल 56 विद्यार्थियों ने गौ विज्ञान परीक्षा में पंजीकरण कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनेंश्वर दास जिला अध्यक्ष दंतेवाड़ा छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में गौ वंश से होगा पंच परिवर्तन विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए गौ संरक्षण, गौ आधारित अर्थव्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य और सामाजिक मूल्यों में गौ माता की भूमिका को रेखांकित किया। उनके विचारों से विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनसमूह को गौ सेवा के प्रति नई दिशा और प्रेरणा मिली। कार्यक्रम की



अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर ने की। उन्होंने अपने स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि एवं सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए गौ विज्ञान परीक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और गौ संरक्षण से जुड़े मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। सभी विद्यार्थियों ने गौ वंश की रक्षा एवं संवर्धन का संकल्प लिया और सामूहिक रूप से श्री सुरभ्यै नमः का उच्चारण किया, जिससे पूरे परिसर में सकारात्मक एवं आध्यात्मिक वातावरण बना कार्यक्रम का समापन गौ संरक्षण के संकल्प और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ हुआ।

## समाज को बढ़ाने सभी के सहयोग से करूंगा काम : नारायण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर जिला सुंडी समाज का बैठक जगदलपुर के कृषि उपज मंडी परिसर में आहूत किया गया। माता दंतेश्वरी की पूजा अर्चना कर समाज का बैठक प्रारंभ किया गया। इस दौरान समाज के सदस्यों व वर्तमान अध्यक्ष ने कई बिंदु पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया गया।

समाज के सदस्यों ने सर्वसम्मति से नारायण बिसाई को सुंडी समाज का अध्यक्ष मनोनीत 3 वर्ष के लिए किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज तभी



मजबूत होता है जब हर व्यक्ति साथ मिलकर काम करें एकता के बिना कोई भी समाज सफल नहीं हो सकता। खासकर युवाओं को आगे बढ़कर समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए शिक्षा और जागरूकता से ही समाज का विकास होता है। एकता के बिना कोई भी समाज सफल नहीं हो सकता जो दायित्व दिए हो उसे मैं समाज को कैसे आगे बढ़ाना है,आप सभी के सहयोग से कम करूंगा।

समाज को आगे बढ़ाने के लिए एकजुटता, शिक्षा, अनुशासन, रोजगार और राजनीतिक भागीदारी जैसे प्रमुख पहलुओं पर जोर दिया। इस दौरान बैठक में पूर्व अध्यक्ष रघुराम सेठिया, महेंद्र सेठिया, अंगद सेठिया, फूलसिँह सेठिया, संतोष बिसाई,दयाराम सेठिया, उत्तम सेठिया, विधा सेठिया, जुगल किशोर सेठिया, सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य मौजूद रहे।

## महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय में बालिकाओं के अधिकार व स्वास्थ्य पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय में आज जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केंद्र एवं जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में बालिकाओं को एनीमिया से बचाव, उनके अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सशक्तिकरण एवं सुरक्षा, बाल विवाह, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न, सोशल मीडिया पर अनियंत्रित पोस्ट एवं इंफोग्राफिक के दुष्प्रभाव जैसे गंभीर विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके अलावा बालिकाओं को विभागीय योजनाओं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्पलाइन 181, सखी वन स्टॉप सेंटर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पालन योजना, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005, पोषण एवं देखरेख कार्यक्रम तथा पोस्ट केयर प्रोग्राम के बारे में भी बताया गया। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आज जिले अंतर्गत एवं विकासखण्ड स्तर महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के विषय में जन जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार का आयोजन किया गया। इसके तहत महिलाओं को जानकारी दी गई कि लैंगिक उत्पीड़न अंतर्गत शारीरिक संपर्क, लैंगिक अनुग्रह की मांग, लैंगिक टिप्पणी, अश्लील लेखन दिखाना, लैंगिक प्रकृति का कोई अन्य अस्वीकार्य शारीरिक, मौखिक अथवा शाब्दिक आचरण इनमें से एक या अधिक कृत्यों को शामिल किया गया हैं। इसके अलावा किसी भी विभाग, संगठन उपक्रम, गैर शासकीय संगठन, कंपनी, निगम, अस्पताल, नर्सिंग होम, खेल कूद का संस्थान, शैक्षिक, मनोरंजन का स्थान जहां 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं वहां आंतरिक शिकायत समिति का गठन धारा 04 के अंतर्गत किया जाना अनिवार्य रहेगा। इसी प्रकार जिला स्तर पर स्थानीय शिकायत समिति का गठन किया गया है। इसके साथ ही जहां 10 से कम कर्मचारी होने के कारण आंतरिक शिकायत समिति का गठन नहीं किया गया है अथवा शिकायत स्वयं नियोक्ता के विरुद्ध हो तब उसकी शिकायत स्थानीय शिकायत समिति को की जा सकेगी जिन संस्थाओं द्वारा समिति गठन नहीं किया गया है उन पर 50 हजार रूपये का जुर्माना का प्रावधान किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक सरिता देशमुख, संरक्षण अधिकारी रवि शंकर सनाढ्य, काउंसलर शशिकांत झा, महाविद्यालय की प्राचार्य अर्चना झा, जिला महिला बाल विकास अधिकारी सुश्री तनुजा बेलसरिया, जिला स्तरीय स्थानीय शिकायत समिति की अध्यक्ष बबीता पाण्डे, मनीषा ठाकुर, सखी प्रभारी संगीता देवांगन, केस वर्कर रेखा सिंह, एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### मत्स्य उत्पादन कर बोडो कश्यप बनीं सफल पालक



**दंतेवाड़ा।** प्रधानमंत्री धन धान्य योजना एवं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन का लाभ पाकर मड़से (गीदम) की बोडो कश्यप आज महिला स्वावलंबन की प्रेरक उदाहरण बन चुकी हैं। उन्होंने अपनी मात्र 0.10 हेक्टेयर भूमि पर पॉन्ड लाइनर (सेमी बायोफ्लॉक) तकनीक अपनाकर खेती के साथ मत्स्य पालन को जोड़ते हुए आय के नए अवसर तैयार किए। विभागीय विशेषज्ञों एवं फील्ड अधिकारियों के मार्गदर्शन में उनके खेत में आधुनिक पॉन्ड लाइनर निर्माण किया गया, जिससे पानी लंबे समय तक सुरक्षित रहा और मछलियों की वृद्धि अधिक तेज हुई।

# देव आस्था की भूमि अतिक्रमण से मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

चट्टानपारा क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाकर पवित्र देव स्थलों की भूमि को मुक्त कराए जाने पर चिकट राज कल्याण समिति के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर संबित मिश्रा से सौजन्य भेंट कर जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। समिति ने प्रशासन की इस कार्रवाई को आस्था, परंपरा और कानून तीनों की रक्षा करने वाला कदम बताया।

समिति के पदाधिकारियों में देव सियान, ग्राम प्रमुख मेघनाथ मांझी, परगना मांझी रामशंकर साहनी, मोदुल सिरहा सुखनाथ मांझी तथा सिरहा, ग्राम प्रमुख फागू राम साहनी ने बताया कि उक्त भूमि न केवल वन मद की शासकीय भूमि है, बल्कि चिकट



राज देव, कोण्डराज देव एवं कारी कंकालीन माता के पीड़ा पटानी एवं देव धामी से संबंधित पवित्र स्थल है, जहां प्रतिवर्ष पूजा-पाठ एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि मांझीपारा, अमानपारा, बैदरगुड़ा, बांडागुड़ा, भट्टीपारा, नयापारा, कन्हईगुड़ा सहित कुल 11 प्रमुख पाराओं के ग्राम प्रमुखों ने सर्वसम्मति से बैठक कर जिला, वन एवं नगरीय प्रशासन को अतिक्रमण हटाने हेतु आवेदन दिया था। प्रशासन द्वारा जनभावनाओं का सम्मान करते हुए की गई कार्रवाई से समिति एवं ग्रामीणों में संतोष और प्रसन्नता का माहौल है। जिला प्रशासन ने पुनः स्पष्ट किया है कि शासकीय एवं वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण स्वीकार्य नहीं है और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष अप्रैल माह में बीजापुर के आराध्य देव चिकट राज का भव्य मेला आयोजित किया जाता है।

समिति के आग्रह पर कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा मेला दिवस पर स्थानीय अवकाश घोषित किए जाने से श्रद्धालुओं में विशेष हर्ष व्याप्त है। समिति के प्रतिनिधियों ने स्थानीय अवकाश की घोषणा पर भी जिला प्रशासन एवं कलेक्टर का आभार व्यक्त किया।

**न्यायालय तहसीलदार बस्तर**
**जिला बस्तर (छ.ग.)**
**-:: उद्घोषणा ::-**

रा.प्र.क्र./ क / ब-121/ 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका इंदर बघेल पिता/पति स्व. मोसूराम बघेल जाति माड़िया निवासी ग्राम पिपलावण्ड द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि उसके पत्नि स्व. कमली बघेल पिता/पति इंदर बघेल की पिता मोसूराम बघेल मृत्यु दिनांक 19.10.2024 को ग्राम पिपलावण्ड में होना बताते हुए मृत्यु होने से जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ महिला/ संस्था को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 22.01.2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर **नायब तहसीलदार बस्तर**



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ब्लाक कांग्रेस का एक दिवसीय धरना 23 को

**दुर्गुकोंदल।** किसानों कि समस्याओं को देखते हुए दुर्गुकोंदल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा 23 जनवरी को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा, इसे लेकर ज्ञापन सौंपा गया। यह धरना दोपहर 12 से 3 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत आने वाले जोन, सेक्टर एवं मंडल स्तर के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी से जुड़े जनप्रतिनिधि भी धरना प्रदर्शन में सहभागिता करेंगे। मुख्य मांग है कि किसानों का एक-एक दाना धान खरीदा जाए और जिन किसानों का धान अब तक नहीं बिक पाया है, उनकी शीघ्र खरीदी सुनिश्चित की जाए।

### पॉलीटेक्निक कांकेर की महिला टीम ने मारी बाजी

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई द्वारा महात्मा गांधी कला मंदिर भवन सिविक सेंटर भिलाई में आयोजित एकीकृत राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता 2025-26 में रस्साकशी खेल में शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर की महिला वर्ग की टीम विजेता तथा पुरुष वर्ग की टीम उपविजेता रही। शासकीय पॉलीटेक्निक के प्राचार्य शैलेंद्र सिंह ने बताया कि यह सम्मान कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के मंत्री गुरू खुशवंत साहेब द्वारा संस्था के प्राचार्य एवं खेल अधिकारी को प्रदान किया गया।

### युवक ने खाया जहर, हुई मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत ग्राम संगम के युवक ने जहर खा लिया। इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक संगम निवासी 19 वर्षीय मनेश नुरूटी पिता बुधराम नुरूटी ने जहर खा लिया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### दुर्घटना में युवक की हुई, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत बनोली निवासी 32 वर्षीय संजय पोटाई पिता बुधुराम पोटाई का इमलीपारा हाटकर्रा के पास एक्सीडेंट होने से मौत हो गया। बनोली निवासी 62 वर्षीय बुधुराम पोटाई पिता स्व. मंगलू राम पोटाई ने पुलिस को बताया कि मृतक 17 जनवरी की रात को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आया था, जिसके कारण उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### दस्तावेज सत्यापन 27 एवं 28 जनवरी को

**कांकेर।** राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2025-26 अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा नई दिल्ली में तैयारी के लिए 28 दिसम्बर को परीक्षा आयोजित की गई थी। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त द्वारा मिली जानकारी अनुसार प्राक्चयन परीक्षा के मेरिट सूची अनुसार दस्तावेज सत्यापन मुख्यालय इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर स्थित मीटिंग हॉल क्र. 04 तृतीय तल में सत्यापन करा सकेंगे। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जनजाति के लिए 27 जनवरी तथा अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 28 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से सायं 04 बजे तक दस्तावेज सत्यापन की तिथि निर्धारित की गई है।

# धर्मांतरण जैसे संवेदनशील मुद्दों पर हुई गंभीर और व्यापक चर्चा

## हिंदू एकजुटता का संकल्प, संगठन विस्तार पर बनी ठोस रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर के प्रवीर वार्ड क्रमांक-1 में आयोजित विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की वार्ड स्तरीय बैठक सामाजिक सरोकारों और संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आई। बैठक में संगठन के विस्तार, समाज में सक्रिय भागीदारी और धर्मांतरण जैसे संवेदनशील विषयों पर गंभीरता से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि मजबूत संगठन ही समाज को दिशा दे सकता है। वक्ताओं ने कहा कि हिंदू समाज को संगठित रखना,सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करना और सामाजिक समरसता को मजबूत करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भूमिका जरूरी है।

संगठन के विस्तार को लेकर नए सदस्यों को जोड़ने, वार्ड स्तर पर नियमित गतिविधियां संचालित करने और युवाओं को



### संगठन विस्तार और जागरूकता की कार्ययोजना

बैठक में यह तय किया गया कि आने वाले दिनों में वार्ड स्तर पर विशेष अभियान चलाकर नए सदस्यों को जोड़ा जाएगा। समाज में व्याप्त भ्रम और भ्रामक प्रचार के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने की भी योजना बनाई गई। कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपकर क्षेत्र में निरंतर संवाद, सत्संग,सामाजिक सहयोग और जनसंपर्क कार्यक्रमों को गति देने का संकल्प लिया गया। उद्देश्य यह है कि हर घर तक संगठन की विचारधारा पहुंचे और समाज को एकजुट किया जा सके।

राष्ट्र व संस्कृति से जोड़ने की रणनीति तैयार की गई। साथ ही, धर्मांतरण के खिलाफ समाज में जागरूकता फैलाने और जरूरतमंदों को सहयोग देने का भी संकल्प लिया गया।

बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज हित में निरंतर कार्य करेंगे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ,जिससे माहौल राष्ट्रभक्ति और एकजुटता से सराबोर हो गया।बैठक का संचालन नगर मंत्री विक्रम सिंह ठाकुर ने किया और अध्यक्षता नगर अध्यक्ष प्रतीक गुरु ने की। इस दौरान नगर संयोजक जगदीश ठाकुर,आसना ग्राम अध्यक्ष जसवंत जोशी, आसना वार्ड मंत्री लक्ष्मीकांत पनिग्राही सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में वार्ड अध्यक्ष कुणाल सोनी, वार्ड मंत्री कृष्णा पटेल,वार्ड संयोजक साहिल नाग,वार्ड सतसंग प्रमुख लोकेश नाग,वार्ड साप्ताहिक मिलन प्रमुख भूपेंद्र बघेल और वार्ड गौ रक्षा प्रमुख आकाश यादव की भी घोषणा की गई।

## गीदम में शांति व्यवस्था बनाये रखने सर्व समाज की ओर से की गई पहल

# कलेक्टर-एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

दंतेवाड़ा जिले की व्यवसायिक नगरी गीदम में बीते दिनों आपसी विवाद के चलते नगर में हुए तनावपूर्ण माहौल को लेकर सोमवार को सर्व समाज की ओर से शांति व्यवस्था बनाए रखने आवश्यक पहल की गई है इस हेतु दंतेवाड़ा कलेक्टर व एसपी से सर्व समाज के लोगों ने मुलाकात की और नगर में सामाजिक सौहार्द्रता एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने ज्ञापन सौंपा। गौरतलब कि बीते दिनों गीदम थाने में व्यक्तिगत लेनदेन व आपसी विवाद जैसे मामले सामने आये थे जिसे लेकर नगर में तनावपूर्ण माहौल देखने को मिला। इस घटना के बाद नगर में शांति व्यवस्था बनाये रखने सर्व समाज की ओर से पहल की गई है। सौपे गए ज्ञापन में आपसी विवाद मामले का जिक्र किया गया है इसके साथ ही उल्लेख किया गया है कि नगर में हुए दो अलग-अलग आपसी विवाद मामले में बचेली निवासी एक शख्स द्वारा सामाजिक पदाधिकारी के रूप में गीदम नगर में नारेबाजी



करते हुए विरोध किया गया। इस दौरान विभिन्न पक्षो की ओर से मामले को सामाजिक रंग देने का प्रयास किया गया। सर्व समाज ने दो लोगो के व्यक्तिगत विवाद को समाज से जोड़ना अनुचित बताया है। इस तरह के कृत्य से समाज मे सामंजस्य, आपसी भाईचारा, सहयोग एव सौहार्द की भावनाएं तार-तार हुई है। सर्व समाज ने मांग की है कि अगर इस मामले में प्रशासन एव प्रबुद्ध समाज आवश्यक पहल नही करेगा तो जिले में सामाजिक समरसता एव सामाजिक ताना-बाना खंडित होगा। ऐसे में सर्व समाज ने जिला प्रशासन से अनुरोध कर सभी समाज प्रमुख की बैठक आयोजित कर समाजिक समरसता हेतु आवश्यक पहल करने की मांग की गई है।

### नगर में आपसी भाईचारा बना रहे

इस मामले में सर्व समाज दंतेवाड़ा के जिला अध्यक्ष बोमड़ा राम कवासी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि नगर में आपसी भाईचारा बना रहे, सभी मिलजुल कर रहे। सभी विगत कई वर्षों से रह रहे है, छोटे मोटे विवादों को सामाजिक रंग न दिया जाए। उन्होने कहा कि सर्व समाज यही प्रयास करेगा कि गीदम का अमन, चैन सुख-शांति सब बना रहे और किसी प्रकार का आपसी विवाद हो तो आपस में बिठा कर सुलझा लिया जाए उसे सामाजिक रूप न दिया जाए।

# तेज रफ्तार सवारी बस से गिरी महिला गंभीर, चालक की लापरवाही से हादसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

पखंजूर से रायपुर जा रही कांकेर रोडवेज की एक बस से महिला यात्री के गिरकर गंभीर रूप से घायल होने की घटना ने न सिर्फ यात्रियों को दहशत में डाल दिया, बल्कि बस चालकों की मनमानी रफ्तार पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, वहीं पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर जाँच शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार, कांकेर रोडवेज की यात्री बस भानुप्रतापपुर क्षेत्र से गुजर रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बस अत्यधिक तेज गति से चल रही थी। इसी दौरान अचानक झटका लगने या संतुलन बिगड़ने से एक महिला यात्री बस से नीचे गिर पड़ी। गिरते ही महिला को गंभीर चोटें आईं और वह सड़क पर तड़पने लगी। घटना को देखकर बस में सवार अन्य यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर उपस्थित लोग मानवीय संवेदना दिखाते हुए घायल महिला को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उसे विशेष निगरानी में रखा है। डॉक्टरों के अनुसार महिला की स्थिति नाजुक बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। हादसे की जानकारी मिलते ही भानुप्रतापपुर पुलिस सक्रिय हुई और मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक जांच की। पुलिस ने संबंधित बस को जब्त कर थाने लाया, जहां बस के कागजातों की जांच की जा रही है। साथ ही बस चालक से पूछताछ भी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोगों और नियमित यात्रियों ने इस घटना पर गहरी नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि इस मार्ग पर निजी बसों की तेज रफ्तार आम बात हो गई है, जिसके कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। लोगों ने पुलिस-प्रशासन से बस चालकों की गति पर सख्त नियंत्रण, नियमित चेकिंग और कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी और की जान जोखिम में न पड़े और यात्रियों को सुरक्षित सफर मिल सके।

# आरआई कार्यालय को संघ को आवंटन करने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राजस्व निरीक्षक संघ ने कलेक्टर एवं सचिव दशहरा समिति व तहसीलदार को पुराने आरआई कार्यालय को अन्य संस्था को आबंटित नहीं करने तथा संघ के कार्यालय को नि शुल्क आबंटन के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि पुराने तहसील कार्यालय के सामने स्थित राजस्व निरीक्षक कार्यालय भवन, ब्रिटिश शासन के समय से ही राजस्व विभाग द्वारा संचालित संरक्षित रहा है, और वर्तमान में भी इसका रख रखाव, बिजली का बिल, रंगाई पोताई तहसील कार्यालय के माध्मम से किया जाता रहा है। बस्तर दशहरा के संचालन का प्रमुख केन्द्र यह कार्यालय भवन है, जहां से राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों के द्वारा बस्तर दशहरों की समस्त गतिविधियों का संचालन किया जाता रहा है। कार्यालय भवन परिसर को ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पसरा परिसर के रूप में परिष्कृत किया गया



है, साथ ही प्रासंगिक राजस्व निरीक्षक कार्यालय भवन का उपयोग दशहारा उत्सव के समय अनुषंगिक सुसंगत गतिविधियो के लिए किया जाता रहा है। वर्तमान में मुण्डा बाजा का पड़ाव स्थल भी यही भवन है।

राजस्व निरीक्षक कार्यालय भवन विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा के समस्त गतिविधियो के संचालन का प्रमुख केन्द्र होने के कारण मांझी चालकी, मेम्बर मेम्बरीन नाईक पाईक, पुजाः आदि सभी इस कार्यालय में उपस्थित होते हैं एवं दशहरा के किया कलाप सम्पादित किए जाते हैं। तहसील कार्यालय को जिला कार्यालय के समीप नवीन भवन में स्थानान्तरण होने पश्चात उपरोक्त भवन को आबंटन हेतु अन्य विभाग द्वारा मांग किया जा रहा है इस तरह आबंटित करने से उपरोक्त गतिविधियो के संचालन में अवरोध होगा। राजस्व निरीक्षक संघ जिला बस्तर द्वारा भी राजस्व निरीक्षक कार्यालय भवन को संघ कार्यालय हेतु आबंटित करने सबंधी निवेदन पत्र कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया।

# यातायात नियमों की जानकारी देने साप्ताहिक बाजारों में चलाया जा रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे यातायात जागरूकता अभियान के तहत वाहन चालकों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के उपाय लघु फिल्मों के माध्यम से देते हुए

- रथ से लघु फिल्म दिखाकर वाहन चालकों को दुर्घटना के कारणों की दी जा रही जानकारी
- यातायात पुलिस द्वारा दुपहिया, चारपहिया व भारी वाहन के चालकों को बताया जा रहा

दुपहिया, चारपहिया व भारी वाहन के चालकों को समझाईश दी जा रही है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें।

एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश एवं एएसपी महेश्वर नाग मार्गदर्शन व डीएसपी ट्रेफिक संतोष जैन के पर्यवेक्षण में यातायात अमला जिले के सभी साप्ताहिक




बाजारों में यातायात रथ के माध्यम से एक ओर जहां लघु फिल्म दिखा रही है तो वहीं दूसरी ओर वाहन चालकों में यातायात नियमों से सम्बधित पाम्पलेट का वितरण करते हुए वाहनों में पाम्पलेट चस्पा किया जा रहा है।

डीएसपी ट्रेफिक संतोष जैन ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे यातायात जागरूकता अभियान के तहत वाहन चालकों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिले के साप्ताहिक बाजारों में यातायात पुलिस की टीम जागरूकता रथ के माध्यम से वाहन चालकों को जागरूक कर रही है। इन साप्ताहिक हाट बाजारों में यातायात जागरुकता प्रचार वाहन में पहुंचकर बस, ऑटो, टैक्सी, पिकअप व दुपहिया वाहनों में यातायात जागरूकता से संबंधित पोस्टर चिपका कर पाम्पलेट का वितरण किया जा रहा है तथा लघु फिल्मों के माध्यम से होने वाले दुर्घटनाओं की जानकारी देकर दुर्घटनाओं से बचने के उपाय बताकर जागरूक किया जा रहा है।

### घायलों की मदद करने की अपील

एसपी शलभ सिन्हा ने बताया कि यातायात रथ के माध्यम से जिले के विभिन्न ग्राम, कस्बों के चौक चौराहे, साप्ताहिक हाट बाजार, स्कूल, कॉलेज एवं अन्य भीड़ भाड़ वाले स्थान में जाकर लोगों को ट्रैफिक नियमों के साथ साथ सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना से रोकथाम के सबंधं में बताया जा रहा है। वहीं सड़क दुर्घटना के घायलों के मदद करने संबंधी गुड सेमेरिटन लॉ के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। बताया जा रहा है कि सड़क पर वाहन चलाते समय हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करें, ओवर स्पीड व ओवर टेक से बचें। सड़क दुर्घटना के घायल व्यक्ति को त्वरित अस्पताल पहुंचाने में मदद करें, नशे में वाहन न चलावें क्योंकि सुरक्षित सफर ही सुरक्षित जीवन है।

# नालंदा लाइब्रेरी पर सियासत भारी, युवा भविष्य अधर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने जारी बयान में विधायक किरण देव और महापौर संजय पांडे पर छात्र हितों की अनदेखी का आरोप लगाया।



उन्होंने कहा कि नालंदा परिसर लाइब्रेरी निर्माण को लेकर भाजपा सरकार की कथनी और करनी में बड़ा अंतर सामने आ रहा है। जिस योजना को युवाओं के भविष्य से जोड़कर प्रचारित किया गया था, वह आज तक कागजों से बाहर नहीं निकल पाई है। मार्च 2024 में भूमिपूजन के बावजूद निर्माण शुरू न होना इस बात का प्रमाण है कि सरकार की प्राथमिकताओं में शिक्षा और छात्र हित कहीं नहीं है।

यह भी सामने आया है कि योजना दो बार टेंडर प्रक्रिया से गुजर चुकी है, दो बार भूमिपूजन हो चुका है, फिर भी न तो भूमि तय हो पाई और न ही निर्माण की शुरुआत हुई। नतीजतन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राएं असमंजस और परेशानी में हैं। पूर्ववर्ती सरकार के दौरान जगदलपुर में बने लाला जगदलपुरी केंद्रीय पुस्तकालय ने बस्तर के छात्रों को एक मजबूत आधार दिया था। आज भी वही पुस्तकालय युवाओं की उम्मीद बना हुआ है, लेकिन नई योजनाएं केवल घोषणाओं तक सीमित हैं।

# कर्मचारियों के प्रदेश अधिवेशन में 3 प्रतिशत डीए बढ़ाने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के अष्टम त्रैवार्षिक प्रान्तीय अधिवेशन में कर्मचारियों के हित में एक बड़ी

- प्रदेश कार्यकारिणी का गठन, संगठन को मिली नई दिशा

घोषणा सामने आई। राजधानी रायपुर के रोहणीपुरम स्थित सरस्वती शिक्षा संस्थान परिसर में आयोजित इस अधिवेशन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य के कर्मचारियों-अधिकारियों के लिए 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) बढ़ाने की घोषणा की। इस घोषणा से प्रदेशभर के कर्मचारियों में उत्साह और संतोष की लहर दौड़ गई।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि कर्मचारियों की मेहनत,



निष्ठा और अनुशासन से ही शासन की नीतियां धरातल पर साकार होती हैं। उन्होंने कहा कि राज्य का विकास तभी संभव है, जब प्रशासनिक तंत्र मजबूत और समर्पित हो। अधिवेशन के मंच से की गई डीए वृद्धि की घोषणा को कर्मचारियों ने अपने संघर्षों की सकारात्मक परिणति बताया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छत्तीसगढ़ प्रान्त प्रचारक ने भी अधिवेशन को संबोधित किया और अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के संतुलन पर बल दिया। उन्होंने पंच परिवर्तन जैसे विषयों पर प्रेरणादायी विचार रखते हुए कहा कि सशक्त लोकतंत्र की नींव जिम्मेदार नागरिकों और कर्मठ कर्मचारियों पर ही टिकी होती है। अधिवेशन के दौरान प्रदेश कार्यकारिणी का चुनाव भी संपन्न हुआ,जिसमें सर्वसम्मति से नई टीम का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी से संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। राज्य कर्मचारी संघ के इस प्रान्तीय अधिवेशन में संगठनात्मक मजबूती, कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा और प्रशासनिक सुधारों पर विस्तार से चर्चा हुई। डीए में 3 प्रतिशत वृद्धि की घोषणा को कर्मचारियों के प्रति सरकार की सकारात्मक सोच का प्रतीक बताया गया। साथ ही, यह भी तय किया गया कि संगठन आने वाले समय में कर्मचारी हितों से जुड़े मुद्दों को और मजबूती से उठाएगा। नई कार्यकारिणी को जिम्मेदारी सौंपी गई कि वह संवाद, समन्वय और संघर्ष के माध्यम से कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगी।

इस अधिवेशन में प्रदेश अध्यक्ष,प्रदेश महामंत्री,संगठन मंत्री और कोषाध्यक्ष का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सदस्य,पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अधिवेशन के सफल आयोजन पर सभी ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी तथा मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

